# अमानक धान मामले मे नोटिस जारी

**सिवनी नवभारत। खरीफ विपणन वर्ष 2025 -26 मे समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन केन्द्र समृद्धि वेयर हाउस साजपानी केन्द्र कोड 59337267 का निरिक्षण जिला कलेक्टर के द्वारा विकास खंड स्तरीय उपार्जन समिति के द्वारा किया गया था गठित निरिक्षण टीम मे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की उपस्थिति मे बारीकी से केन्द्र का निरिक्षण किया गया तथा अनियमितताऐ पाये जाने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के द्वारा कारण बताओ नोटिस की तामिली भी हुई है**



## इन अनियमितताओ के तहत हुई कार्रवाई

निरिक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र साजपानी मे स्व सहायता से श्री मति प्रेम लता सोनिया उपस्थित तो पाई गई परन्तु निरिक्षण के दौरान समय पर उनके द्वारा खरीदी कार्य का लेखा जोखा रजिस्टर प्रस्तुत नही किया गया तथा निरिक्षण के दौरान केन्द्र मे तौल किये गये स्कंध की बोरियो मे तौल कराने के दौरान 38.80 किलो धान की बोरिया सिलकर रखा जाना पाया गया तथा सर्वेयर द्वारा जिन धान की बोरियो का एफ ए क्यू किया गया था निरिक्षण मे उन सिली हुई बोरियो को जब परीक्षण के लिये खोला गया तो निरिक्षण मे धान सेपंलिग मे नोन एफ ए क्यू पायी गई जिन धान की बोरियो को खरीदी किया जाना बताया गया गया उन बोरियो की सिलाई करने के उपरांत भी उन बोरियो मे टेग मे किसान कोड अंकित नही होना पाया गया तथा धान की बोरियो जिनमे किसान कोड टेग मे दर्ज नही किये गये थे उन बोरियो के चालान जारी किये गये बगैर ही गोदाम के अन्दर स्टेकिगं किया जाना पाया गया तथा गोदाम के अंदर स्टेग नम्बर 9जो की सर्वेयर के द्वारा एफ ए क्यू किया जा चुका था उसके निरिक्षण के समय सेपंलिग कराई गई जिसमे स्टेग मे रखी धान का सेपंल नोन एफ ए क्यू पाया गया एवं स्टेग नम्बर 09 फैल किया जाकर पंचनामा तैयार किया गया इसके साथ ही उपार्जन केन्द्र मे किसानो के बैठने की कोई व्यवस्था तथा किसानो के लिये पीने की पानी की कोई भी व्यवस्था नही होना पाया गया उक्त कृत्यो को देखते हुऐ उपार्जन नीति की कंडिका 8.1 10 एवं 11-3 का स्पस्ट उलंघन पाते हुऐ निर्देशित किया गया है की उपार्जन केन्द्र अपना पक्ष लिखित जवाब के साथ 02 दिवस के भीतर समक्ष मे प्रस्तुत होकर प्रस्तूत करे तथा अनुपस्थिति की दशा मे एक पक्षीय कार्रवाई प्रस्तावित करने की चेतावनी दी गई है।



धान की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

सुपरवाइजर व सर्वेयरों के काम में हो रहा राजनैतिक दखल

सिवनी नवभारत। गोदाम पर पहुच रही अमानक धान के रिजेक्ट किये जाने के पश्चात धान की गुणवत्ता पर ही प्रश्न चिन्ह खडे हो रहे है वैसे तो खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के द्वारा खरीफ उपार्जन 2025-26 के लिये भंडारण केन्द्रो मे सर्वेयर नियुक्त किये गये है तथा सर्वेयरो को दिशा निर्देश के लिये जिले मे सुपर वाइजर भी नियुक्त किये गये है ताकि खरीदी केन्द्रों मे एफ ए क्यू धान अथवा मोटा धान अनाज पूरी तरह सूखा हो तथा उसमे नमी मिट्टी कुसी सिकुड़े टूटे बदरंग एवं क्षतिग्रस्त दानो निर्धारित सीमा से कम हो और परिवहन के द्वारा भंडारण केन्द्र मे ऐसी ही धान से भरी बोरियो को रिजेक्ट करने का मामला सिवनी मे तूल पकडते नजर आ रहा है।

इस मामले मे भारी हस्ताक्षेप और राजनैतिक दबाव के चलते भंडारण केन्द्र मे काम कर रहे कुछ सर्वेयर पर गाज भी गिरी है तथा कुछ सर्वेयर भी भंडारण केन्द्र से हटाये गये है जबकि इस सम्बन्ध हटाये सर्वेयरो के द्वारा भी सुपर वाइजर को आवेदन प्रस्तुत कर अपना तर्क रखा गया है किन्तु इस मामले मे जिले के सुपर वाइजर को ही निस्पक्ष कार्रवाई के लिये हस्ताक्षेप का मामला सामने आ रहा है जबकि यह भी सच है की कुछ केन्द्रो से बाहर से आ रही अमानक धान भंडारण केन्द्र मे थोपी जा रही है और यही धान जिले के भंडारण केन्द्र मे दवाव बनाकर थोपने के प्रयास किये जा रहे है।

खरीदी बढ़ाने किया जा रहा कृत्य

यहा यह भी उल्लेखनीय है की कमीशन राशि बढ़ाने के चक्कर मे धान खरीदी प्रभारी धान व्यापार से जुडे लोगो को यह सुविधा मुहैया कराकर अपनी ओर आकर्षित तो कर ही रहे है साथ ही मजदूर हम्माल के हक पर भी सीधा प्रहार कर रहे है तथा शासन से मिलने वाली प्रशासनिक राशि को भी निगल रहे तथा यह मिलने वाली सुविधा अमानक धान को बढ़ावा दे रही है जिस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

उत्पादन कम पंजीयन पूरा करने बाहर से आ रही धान

यहा यह भी उल्लेखनीय है की इस वर्ष किसानो को धान के उत्पादन मे भारी कमी आईहै चुकि पिछले सत्र की तुलना मे किसानो को धान का उत्पादन ही कम हुआ है ऐसी स्थिति मे किसानो के पंजीयन पर धान बेचने वाले व्यापारी पंजीयन को पूर्ण करने के लिये बाहर से धान बुलाकर खरीदी केन्द्रो मे डाल रहे और यही आने वाली पुरानी धान अमानक श्रेणी मे आकर रिजेक्ट की श्रेणी मे आ रही है जिले के अधिकांश खरीदी केन्द्रो मे यह भी मामला सामने आया है की खरीदी मे घर से बोरिया तैयार होकर खरीदी केन्द्र पहुच रही है तथा बगैर भराई और तुलाई के केन्द्र मे खडी होकर सिलाई हो रही है ऐसी स्थिति मे धान की गुणवत्ता और एफ ए क्यू की क्या स्थिति होगी अन्दाजा लगाया जा सकता है।

नव भारत खबर का असर

### क्यो आ रही यह स्थिति

यहा यह भी उल्लेखनीय है की किसानो को इस सत्र मे धान का उत्पादन बहुत कम मात्रा मे हुआ है ऐसी स्थिति मे किसानो के पंजीयन पर धान बेचने वाले व्यापारी पंजीयन को पूर्ण करने के लिये बाहर से अमानक धान बुलवाकर खाना पूर्ति कर रहे है और यही धान भंडारण केन्द्रो मे परिवहन के दौरान परिवहन हो रही है और यही धान की बोरिया रिजेक्ट की श्रेणी मे आ रही है जिसे सर्वेयर द्वारा अमानक घोषित किया जा रहा है किन्तु राजनैतिक दबाव के चलते अमानक धान को भी भंडारण केन्द्र मे जमा करने के प्रयास किये जा रहे है जबकि धान की गुणवत्ता तथा एफ ए क्यू धान के लिये सर्वेयर नियुक्त के साथ सुपर वाइजर के हाथ मे कमान सौपी गई है किन्तु जिले मे इन्हे ही अमानक धान को मानक बनाने के लिये राजनीति सामने आ रही है जिसका खामियाजा उस समय सामने आयेगा जब भंडारण केन्द्र से मिलर्स धान मिलिंग के लिये धान का उठाव करेगा और अमानक धान की हकीकत सामने होगी।



# नपा की टीम ने हटाया शासकीय भूमि से अतिक्रमण

**सिवनी नवभारत।** शनिवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका अतिक्रमण अमले द्वारा पृथ्वीराज चौहान वार्ड सिवनी भैरोगंज में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। विदित होवे कि उक्त क्षेत्र के कुछ दुकानदारों ने सड़को एवं नालियों के उपर शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया था जिसे नगर पालिका की टीम द्वारा आज दोपहर में उक्त शासकीय भूमि में जेसीबी वाहन के माध्यम से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही की गई एवं अतिक्रमण हटाया गया।



## एक नजर में

### मानवता की मिसाल बने सुनील पंचेश्वर और साकाराम

कान्हीवाड़ा( क्षेत्र में कल एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसमें ग्राम मढिया टोला की एक शादीशुदा महिला अपने लगभग 2 से 5 वर्ष की आयु के तीन मासूम बच्चों को लेकर नहर में कूद गई। इसी दौरान खेरी से छुई जा रहे खेरी के दो युवक सुनील पंचेश्वर और साकाराम ने बिना अपनी जान की परवाह किए नहर में कूदकर महिला और तीनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। दोनों की तत्परता और साहस से एक बड़ा हादसा टल गया। समय पर की गई इस मानवता भरी पहल से चार जिंदगियाँ बच सकीं। घटना के बाद ग्रामीणों ने दोनों युवकों की जमकर सराहना की और उन्हें मानवता की सच्ची मिसाल बताया। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग भी मौके पर पहुँचे और पीड़ित महिला को ढांढस बंधाया गया। फिलहाल महिला और बच्चे सुरक्षित बताए जा रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि संकट की घड़ी में कुछ लोग आज भी इंसानियत को सबसे ऊपर रखते हैं।

### कलेक्टर ने डाइट का किया निरीक्षण



सिवनी। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शुक्रवार को केवलारी विकासखंड के प्रवास के दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) केवलारी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम केवलारी श्री महेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने डाइट परिसर का भ्रमण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं, प्रशिक्षण कक्षों, उपलब्ध संसाधनों एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संस्थान में संचालित शिक्षक प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी लेते हुए प्रशिक्षकों से संवाद किया और प्रशिक्षण की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम संचालन एवं भविष्य की कार्ययोजनाओं पर चर्चा की। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि डाइट शिक्षक प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण संस्था है, जहाँ से प्रशिक्षित होकर शिक्षक विद्यालयों में जाते हैं, इसलिए प्रशिक्षण की गुणवत्ता उच्च स्तर की होनी चाहिए। उन्होंने आवश्यक सुधारों के निर्देश देते हुए संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा प्रशिक्षण कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डाइट का स्टाफ एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### केवलारी में निर्माणाधीन डंपिंग यार्ड का किया निरीक्षण



सिवनी। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने केवलारी नगरीय क्षेत्र के पनवास वार्ड में नगर परिषद केवलारी द्वारा बनाए जा रहे निर्माणाधीन डंपिंग यार्ड का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, समय-सीमा तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्माण कार्य को तय समय-सीमा में पूर्ण करने, गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने तथा स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डंपिंग यार्ड के निर्माण से नगरीय क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था सुदृढ़ होगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम महेश अग्रवाल सहित नगर परिषद के अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेयजल गुणवत्ता एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

सिवनी नवभारत। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा जिले में नल जल प्रदाय योजनाओं से प्रदाय किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता की सतत निगरानी एवं जलजनित बीमारियों की प्रभावी रोकथाम हेतु आवश्यक आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार सतही जल स्रोतों पर आधारित नल जल प्रदाय योजनाओं के जल शोधन संयंत्रों पर संचालित जल परीक्षण प्रयोगशालाओं में पेयजल की गुणवत्ता का नियमित परीक्षण कराया जाएगा। परीक्षण में प्राप्त परिणामों को विधिवत संधारित किया जाएगा तथा यदि कहीं जल की गुणवत्ता प्रभावित पाई जाती है तो उसके सुधार हेतु तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शासन के पत्र में उल्लेखित बिंदु क्रमांक 01 से 13 में दिए गए समस्त निर्देशों का त्वरित एवं कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों के लिए समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, सिवनी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिवनी को निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों के लिए समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री तथा सीएमएचओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सिवनी की टीम ने जीता जूनियर बालक प्रतियोगिता का खिताब

**सिवनी नवभारत।** मध्य प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के निर्देशानुसार और सिवनी कबड्डी एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित जूनियर बालक वर्ग जबलपुर जोन स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक माननीय दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा पीजी कॉलेज के ग्राउंड में किया गया अतिथि डॉ रवि शंकर नाग प्रिंसिपल पीजी कॉलेज और अजय बाबा पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति सिवनी रहे विधायक जी का स्वागत बदल बैन और रौनक श्रीवास्तव ने संगीता सिंह श्री फल स्मृति चिन्ह भेंट देकर किया गया जिला कबड्डी संघ के महासचिव रघु ठाकुर का स्वागत सिवनी के अध्यक्ष अनिल कनोजिया न पुष्प माला से किया।



**प्रतियोगिता में 5 टीमों ने शिरकत की**

सिवनी एकेडमी का जबलपुर जिला से हुआ जिसमे सिवनी एकेडमी में जीत कर फाइनल में स्थान बनाया वही सेमीफाइनल सिवनी जिला विरुद्ध जबलपुर एकेडमी से हुआ जिसमें सिवनी कबड्डी जिला संघ की टीम ने विजयश्री कर जिला सिवनी ने भी फाइनल में जगह सुनिश्चित किया फाइनल मैच सिवनी एकेडमी ओर सिवनी कबड्डी जिला संघ के मध्य बहुत ही रोमांचक मैच रहा जिसे देखने के लिए दर्शकों की बड़ी संख्या दर्शक पीजी कॉलेज ग्राउंड में उपस्थित रहे अंतत : सिवनी जिला की टीम ने जबलपुर जोन स्तरीय जूनियर बालक प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

पुरस्कार विवरण में प्राचार्य नाग सर और एवं पीजी कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी के.सी.बापू राउर की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जिला कबड्डी संघ की टीम को अतिथियों द्वारा चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई।

बराती लाल उईके,अब्दुल हक् खान प्रशिक्षक वॉलीबॉल खेल युवा कल्याण विभाग देवेंद्र ठाकुर पीटीआई एक्सीलेंस स्कूल अभिषेक दुबे बीजेपी मंडल अध्यक्ष दक्षिण क्षेत्र सिवनी, प्रदीप वर्मा सिवनी एकेडमी के खिलाड़ी और सदस्य उपस्थित रहे आयुष ठाकुर,ऋषभ जैन मयंक ठाकुर, राकेश भलावी, हरिराम उईके, बलवान, बिलाल, सल्लाम, आयुष, आरती, ज्योति, सुषमा की सहभागिता रही।

# विकास कार्यों में क्षेत्र पिछड़ रहा

**सरकारी अधिकारियों द्वारा गोपनीयता या प्रक्रिया का हवाला, सूचना तक पहुंच में बाधा,पारदर्शिता की कमी - स्वप्निल उपाध्याय**

**केवलारी नवभारत।** वर्ष भर बीतने पर कई बार राज्य एवं जिले के शास. वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे केवलारी विकासखंड एवं तहसील स्तर में हो चुके, पर मीडिया संस्थानों से जुड़े स्थानीय मीडिया कर्मियों को लगभग वंचित ही रखा गया हैं। बल्कि इससे जनहित से जुड़े अहम मुद्दों में जवाबदेही एवं पारदर्शिता में कमी निरंतर क्षेत्र में देखने को मिल ही रही है। नौकरशाही की अत्यधिक जटिल प्रक्रियाओं, लालफीताशाही और जवाबदेही की कमी के कारण मीडिया कर्मियों अक्सर निरीक्षण और कार्रवाई की जानकारी से वंचित रह जाती है, जिससे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को उजागर करना मुश्किल हो जाता है।

जागरूक युवा एवं पत्रकार स्वपनिल उपाध्याय ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार, निर्माण कार्यों में अनदेखी, पिछड़ते क्षेत्र में विकसित कार्यों की प्राथमिकता, शहरी एवं ग्रामीणों को मूलभूत समस्याएं जटिलता , किसानों समस्याओं का निदान अनेकों चर्चाओं में परहेज; यह स्थिति सूचना के प्रवाह को बाधित करती है, जिससे मीडिया सरकार की निगरानी और नागरिकों को जवाबदेह बनाने के अपने मुख्य कार्य में बाधा महसूस करता है, क्योंकि नौकरशाह अक्सर गोपनीयता या प्रक्रियागत देरी का सहारा लेते हैं, जिससे जनता को सच्चाई जानने से रोका जाता है।

जब पत्रकारों को सरकारी कर्मचारियों से सीधे जनता की जानकारी जुटाने में बाधाओं का सामना करना पड़ता है, तो इससे पारदर्शिता और जवाबदेही कमजोर होती है।

जब पत्रकार इन कर्मचारियों से बातचीत करने की अनुमति मांगते हैं, तो सरकारी अधिकारी यह तय करते हैं कि उन्हें अनुमति दी जाए या नहीं और समाचारों के लिए अनुमत विषय क्या होंगे। यह अड़चन पत्रकारों और एजेंसी कर्मचारियों के बीच बातचीत को नियंत्रित करती है, जिससे अनिवार्य रूप से सार्वजनिक सूचना अधिकारियों द्वारा निगरानी, सीमित ब्रीफिंग या प्रश्नों और आवंटित समय पर प्रतिबंध जैसी अतिरिक्त पाबंदियां लग जाती हैं। नौकरशाही अक्सर गोपनीयता या प्रक्रिया का हवाला देकर महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाती है, जिससे मीडिया और नागरिक समाज के लिए निगरानी करना कठिन हो जाता है।

## परिवहन की धीमी गति पर नाराजगी जताई

सिवनी। कलेक्टर ने विगत दिवस केवलारी विकासखंड के सरेखाकला, जेवनारा एवं पंड्या छपारा स्थित धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपार्जित धान की व्यवस्थित स्टैकिंग नहीं होने तथा परिवहन की गति धीमी पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने केंद्रों में धान उपार्जन, भंडारण एवं परिवहन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपार्जन एवं परिवहन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती पर हुए आयोजन




**सिवनी नवभारत।** आधुनिक भारत में स्त्री सशक्तिकरण, महिला अधिकार और स्त्री शिक्षा का उजियारा फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आधुनिक भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 195 भी जयंती पर पर पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस में पुण्य स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया . प्राध्यापकों के वक्तव्य के माध्यम से विद्यार्थियों ने सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष और योगदान को जाना, समझा और आत्मसात् करने का प्रण किया। राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र पर छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए. आधुनिक भारतीय समाज के निर्माण में सावित्रीबाई फुले का योगदान विषय पर प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने कहा कि समरसतावादी समाज के निर्माण में सावित्रीबाई फुले ने अपना पूरा जीवन लगा दिया। विशेष वक्ता प्रोफेसर सत्येन्द्र शेन्डे ने कहा कि आधुनिक भारत में महिलाओं की शिक्षा के लिए सावित्रीबाई फुले ने ऐतिहासिक कार्य किया।

# दिखावे के नाम पर जांच कमेटी का ढिंढोरा पीट रही सरकार : नरेश



**सिवनी नवभारत।** केन्द्र की मोदी सरकार के संरक्षण में पोषित मध्यप्रदेश की सत्तारूढ़ मोहन यादव सरकार के नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा इंदौर नगर निगम के भ्रष्टाचार की सहभागी मोहन सरकार की अदूरदर्शिता के चलते भाजपा शासित इंदौर नगर निगम द्वारा इंदौर वासियों के जीवन से सीधा खिलवाड़ करते हुये नागरिको को मल-मूत्र युक्त गंदा पानी पीने से 14 लोगों की मौत हो गई और 2800 व्यक्तियों का उपचार चल रहा है इतनी बड़ी संवेदनशील घटना पर ना तो केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार ने किसी भी प्रकार से पीड़ितो के पक्ष में ना ही संवेदना दिखाई और ना ही दोषियों पर कार्यवाही की परन्तु अपने भ्रष्टाचार से जनता का ध्यान भटकाने पूरा पूरा प्रयास किया जाता रहा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश की मोहन यादव सरकार में प्रदेश जनता आम जनता से कोई सरोकार नही है उन्हें सिर्फ सिर्फ किसी भी तरह के छल कपट से सरकार बनाना पहली प्राथमिकता बन चुकी है। अब प्रदेश सरकार और उनके नेता मंत्री लोगो के स्वास्थ्य से सीधा खिलवाड़ करने से भी नही चुक रहें है। जिसका सीधा उदाहरण इंदौर नगर निगम के भ्रष्ट और निकम्बे अधिकारियों की कार्यप्रणाली से देखने मिल रहा है और प्रदेश सरकार द्वारा कोई ठोस कार्यवाही ना करना भाजपा के नेताओं और मंत्री द्वारा सत्ता की नशा मे मदहोश होकर लोकतंत्र की चौथी ऑख कहे जाने वाले पत्रकारो द्वारा इतनी बडी घटना के संबंध में पूछे जाने पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अशोभनीय टिप्पणी '' घंटा '' शब्द का बडे ही सहज भाषा में उपयोग कर दिया जो बहुत ही निदंनीय कृत्य है जो कि इंदौरवासी पीड़ित परिवार जनो के प्रति अमानवीयता पूर्ण जवाब देकर अपनी जिम्मेदारी से भागना प्रदेश की मोहन यादव सरकार और सरकार के मंत्रियों की आदत बन चुकी है जो सरकार की निरंकुशता को दर्शाता है।

श्री मरावी ने आगे बताया कि छिन्दवाड़ा जिले में भी विगत दिनों जहरीली कफ सीरप के कारण 14 बच्चो की मौत हो चुकी है, फिर भी मोहन यादव सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है और मात्र दिखावे के नाम पर जांच कमेटी का खोखला ढिंढोरा पीट रही है। आज पूरे प्रदेश में जहॉ भी देखो वहॉ सत्ता के संरक्षण में भ्रष्टाचारियो द्वारा नित्य नये नये भ्रष्टाचार, लूट, हत्या, बलात्कार ऐसे अनेक तरह के खेल भाजपा के शासन काल में प्रदेश में बढ़ रहे है जिससे अपराधियों के हौंसले दिन प्रति दिन बुलंद होते जा रहें है, प्रदेश की मोहन सरकार का प्रदेश के शासकीय अमले पर से नियंत्रण खो चुकी है। भाजपा की मोहन यादव सरकार में व्याप्त अराजकता से प्रदेश की जनता पूर्ण रूप से त्रस्त और परेशान हो चुकी है आने वाले समय में प्रदेश की जनता मोहन यादव सरकार और भाजपा नेताओं को कभी मॉफ नही करेंगी।

श्री मरावी ने आगे बताया कि प्रदेश की मोहन यादव सरकार द्वारा की गई निरंकुशता और संवेदन हीनता से ग्रसित होकर किये गये अमानवीय व्यवहार के खिलाफ, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा 4 जनवरी 2026 दिन रविवार को भाजपा सांसद, विधायक के निवास के सामने घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का प्रयास किया जायेगा।

**कार्यक्रम** | सृजन अभियान के समापन पर प्रतिभागी बच्चों की खेलकूद व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

# सृजन अभियान : प्रतिभागी बच्चों को एसपी ने बांटे उपहार

**सिवनी नवभारत।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा किशोर, किशोरियों के आत्मविकास हेतू 15 दिसंबर 2025 से संचालित किए गए सृजन अभियान का रक्षित केंद्र में कल 02 जनवरी को औपचारिक समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मुख्य आतिथ्य व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, सी.डब्ल्यू.सी. सदस्य अखिलेश यादव रामेश्वर पांडेय ,मातृशक्ति संगठन, मार्गिक फाउंडेशन, उपुअ (रिटा.) मोहन पटेल,कराते प्रशिक्षक ओमकार कश्यप, नृत्य प्रशिक्षक श्रीमती रितु दहीकर ,योग प्रशिक्षिका श्रीमती श्वेता मिश्रा के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चों ने रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू की कार्ययोजना अनुसार कराते आत्मरक्षा विधा और रस्साकसी के माध्यम से खेल भावना,टीम स्प्रिट का शानदार प्रदर्शन किया।अतिथियों के शुभ हाथों से बच्चों को ट्रैकशूट व शूज के सेट प्रदान किए गए।




इसके बाद बच्चों की सरस्वती वंदना और माय भवानी एकल नृत्य, देश रंगीला समूह नृत्य, देश हमें देता है सब कुछ गीत गायन व इस अभियान अंतर्गत कार्यक्रमों से जीवन के लिए क्या पाया विषय पर बच्चों ने व्यक्तव्य प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक द्वारा विस्तार से कहानी व एक्टिविटीज के माध्यम से बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें आत्मअनुशासन,आत्मविश्वास, मेहनत और लक्ष्य के प्रति फोकस को सफलता के चार स्तंभ के रूप में समझाया और सृजन स्कूल नाम प्रदान करते हुए इन गतिविधियों को आगे भी जारी रखने की बात कहीं।चित्रकला व सभी विधाओं के प्रतिभागी बच्चों और सहयोगी संस्थाओं और प्रशिक्षकों को स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे और सूबेदार जितेंद्र रावतकर द्वारा किया गया।

इस अभियान को सफल बनाने में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्रद्धा सोनकर,निरीक्षक सी एस उइके, निरीक्षक सतीश तिवारी ,निरीक्षक विजय बघेल,निरीक्षक श्रीमती संदीपिका ठाकुर,निरीक्षक श्रीमती अनंती मर्सकोले आप विशेष सहयोग व गरिमामय उपस्थिति रहीं और आर.नारायण ठाकरे,विवेक गोनेकर,सुजाता वट्टी,सतीष पाल,विकास रघुवंशी आनंद वर्मा व कुणाल सल्लाम की गतिविधियों को सम्पन्न कराने में सराहनीय भूमिका रही।

इस मौके पर रक्षित निरीक्षक श्री प्रवीण नायडू द्वारा इस अवसर पर सहयोग व गरिमामय उपस्थिति के के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस अभियान के द्वारा प्रतिभागी बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतू हर संभव प्रयास किए गए।चयनित बच्चों का सृजन दल गणतंत्र दिवस 2026 के परेड में शामिल होने की भी कार्ययोजना प्रस्तावित हैं।